www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

2 आतंक के आका का हो स्थायी उपचार

बच्चे ने पाकिस्तान मुर्दाबाद नारा लगाया, युवक ने घोंपा चाकू 04

वर्ष :08 | अंक :316 | मुंबई , गुरुवार , 08 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

# ऑपरेशन सिंदूर: 25 मिनट में ताबड़तोड़ हमले


## पाक और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकाने ध्वस्त

**ऑपरेशन सिंदूर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सटीक हमलों के बारे में जानकारी दी। इन सैन्य हवाई हमलों में नौ स्थानों को निशाना बनाया गया, जिनमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मुख्यालय और प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई थी और उन्हें अंजाम दिया गया था।

एजेंसी


**नयी दिल्ली :** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड़ हैं। श्री मिस्त्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गयी और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया।




Col Sofiya Qureshi | Vikram Misri | Wg Cdr Vyomika Singh

### जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे... ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह

6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप जानते हैं कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। सफल ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिर्फ उन लोगों को मारा जो हमारे निर्दोष लोगों की हत्या में शामिल थे।





### शैक्षणिक संस्थान बंद, हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इमरजेंसी

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

### ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सटीक हमलों के बारे में जानकारी दी। इन सैन्य हवाई हमलों में नौ स्थानों को निशाना बनाया गया, जिनमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मुख्यालय और प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई थी और उन्हें अंजाम दिया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से जाना जाने वाला यह ऑपरेशन बुधवार सुबह तड़के किया गया।

## पुंछ में पाकिस्तान की भारी गोलाबारी में 10 नागरिकों की मौत, 45 घायल

जम्मू/श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार रात पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी में एक महिला और दो बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि पाकिस्तान की ओर से रात भर की गई भारी गोलीबारी में पुंछ सेक्टर में एक महिला, दो बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई और 45 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सीमा पार से दागे गए मोर्टार शेल के घर में फटने से एक महिला की मौत हो गई जबकि उसकी 13 साल की बेटी घायल हो गई। सीमावर्ती जिला पुंछ पाकिस्तान की गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित रहा। उन्होंने कहा, पुंछ सेक्टर के अन्य हिस्सों में करीब 14 लोग घायल हुए हैं और राजौरी के ढंडीकासी इलाके में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की भारी गोलाबारी में कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## अब पाकिस्तान को हुआ होगा दर्द का एहसास...

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बोलीं शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी

अपने पति की मौत के तुरंत बाद हिंदू-मुस्लिम एकता की मांग करने और कश्मीरियों के लिए समर्थन मांगने के लिए पहले की आलोचना का जिक्र करते हुए हिमांशी ने कहा कि उनकी टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय वायुसेना के हमले का स्वागत किया और इसे 26 लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब बताया। ऑपरेशन के बाद बोलते हुए हिमांशी ने कहा, हमारी सेना और मोदी सरकार ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को एक कड़ा संदेश दिया है। हमने जो दर्द सहा है, 26 परिवारों ने जो कुछ झेला है, वह अब सीमा पार के लोगों को पता चल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट

जैसे की हम सभी जानते हैं कि काफी लोग है जो भारत में रहते हैं लेकिन प्यार वह पाकिस्तान से करते हैं। इसी वजह से ही जब भारत कभी भी पाकिस्तान से क्रिकेट मैच हारता है तो देश के कुछ जगहों पर आतिशबाजियां होती हैं। ऐसे में जब भापत ने पाकिस्तान में असल की मिसाइलें छोड़ी तो भारत में रहने वाले पाकिस्तानी प्रेमियों को गहरा सदमा लगा होगा। ऐसे में वह किसी तरह की कोई उग्र हरकते न करें इस लिए उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तानी प्रेमियों के अलावा भी कुछ खुफिया जानकारी मिलने के बाद नाके-नाके पर पुलिस लगा दी गयी है। भारत देश ने आज पहलगाम हमले का बदला आतंकवादियों से ले लिया। पाकिस्तान में इस वक्त हचलच मची हुई है। पहलगाम में हुए मासूम पर्यटकों का धर्म पूछकर और पेंट उतरवाकर उन्हें गोली मार दी गयी थी। महिलाओं के माथे का सिंदूर मिटा कर उनका अपमान किया गया था।

### 200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल, 18 एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद

नयी दिल्ली, एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और कई विदेशी एयरलाइन्स ने प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी सेवाएँ बंद कर दी हैं। इंडिगो ने अकेले ही लगभग 165 उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि एक सूत्र ने बताया कि भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे दिल्ली से आने-जाने वाली 35 उड़ानें आधी रात से सुबह के बीच रद्द कर दी गईं, जिनमें 23 घरेलू प्रस्थान, आठ आगमन और चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। अमेरिकन एयरलाइंस और अन्य वैश्विक एयरलाइन्स ने भी अपनी सेवाएँ वापस ले ली हैं। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने विमानन अधिकारियों के निर्देशों के बाद 10 मई को सुबह 5.29 बजे तक श्रीनगर, जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं। प्रभावित यात्रियों को एक बार के लिए टिकट बदलने से छूट या पूरा पैसा वापस करने की पेशकश की जा रही है। इंडिगो ने भी इसी तरह के कदम उठाते हुए श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर और जोधपुर सहित प्रमुख उत्तरी हवाई अड्डों पर दिन भर के लिए सभी परिचालन रद्द कर दिए। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि हम अपने नेटवर्क में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। यात्रियों से यात्रा करने से पहले वास्तविक समय के अपडेट की जांच करने का आग्रह किया।

## पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमित शाह ने बुलाई 9 राज्यों की बैठक

**सीमा सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा**

शाह ने सभी सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, डीजीपी और मुख्य सचिवों से मुलाकात की। बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के एलजी मौजूद थे।

एजेंसी

नयी दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर सैन्य हमले करने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान और नेपाल के साथ सीमा साझा करने वाले राज्यों के साथ एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। शाह ने सभी सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, डीजीपी और मुख्य सचिवों से मुलाकात की। बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के एलजी मौजूद थे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीजीपी यूपी को उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने का निर्देश दिया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों, कमिश्नरेट और पुलिस इकाइयों को विभिन्न निर्देश दिए हैं, जिनमें सभी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और प्रतिष्ठानों तक पहुंच नियंत्रण को बढ़ाना, सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील जिलों में अधिक तैनाती शामिल है।



## देश के कई राज्यों में हुआ मॉक ड्रिल, दिल्ली, पटना, मुबंई ,यूपी में ब्लैकआउट

> अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सूबे की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर में मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को इमारत में आग लगने जैसी विभिन्न आपात स्थितियों के वक्त खुद को सुरक्षित रखने के साथ ही खोज-बचाव अभियानों के उपायों को लेकर प्रशिक्षित किया गया।

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर भारत के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की गई। देश भर के 259 जिले इस ड्रिल में भाग ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में खुद को बचाने के लिए ज्ञान प्रदान करना है। दिल्ली के कई इलाकों में मॉक ड्रिल भी की गई। खान मार्केट में हुई इस ड्रिल के बारे में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रतीश कुमार ने कहा, ₹ढांचा ढहने के कारण खोज और बचाव की स्थिति में, हम मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्डर मुहैया कराते हैं। हमारी टीम में कुशल मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्डर (एमएफआर) शामिल हैं। हम स्थिति के अनुसार पीड़ितों की सहायता करेंगे।

गृह मंत्रालय द्वारा आज देशभर में मॉक ड्रिल के आदेश के बाद बाड़मेर में मॉक ड्रिल की गई। डीएम टीना डाबी ने कहा, ₹आज की मॉक ड्रिल हवाई हमलों के संदर्भ में थी। अगर हवाई हमला होता है, संभावित हताहत, घायल या शव होते हैं, तो हमारे पास क्या प्रोटोकॉल होने चाहिए। हमारे पास कितनी एंबुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा दल और कितनी मोबाइल मेडिकल यूनिट होनी चाहिए...। आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। दिल्ली, पटना, मुबंई सहित तमाम शहरों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में किए गए मॉक ड्रिल के आदेश के तहत लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में ब्लैकआउट के बीच आयोजित मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया।





## हमारी बहादुर सेना सबका मुकाबला कर लेगी : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

**योगी को लेकर कहा- उन्हें हाता नहीं भाता, तिलक नहीं लुभाता**

**योगी का नाम लिए बिना कसा तंज**

सपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले उन्होंने ब्राह्मण सभा के की बैठक की थी। इस दौरान बाहुबली नेता हरिशंकर तिवारी के बेटे कुशल तिवारी भी मौजूद रहे।

एजेंसी



लखनऊ , सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार जो फैसला लेगी, सपा उनके साथ है। जिस दिन जड़ पर हमला होगा, टहनियां सूख जाएंगी। सजग रहकर ही सीमा की सुरक्षा हो सकती है। चूक की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती। यह अस्वीकार्य है।हमें अपनी सेना, अर्ध सैनिक बल पर पूरा भरोसा है। इन्हीं की वजह से हम आज सुरक्षित हैं। सुरक्षित माहौल में रह रहे हैं। हमारी बहादुर सेना सबका मुकाबला कर लेगी।

## इस्तीफा दें या सजा का सामना करें...

### जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में कैश केस पर कमेटी ने सौंपी चीफ जस्टिस को रिपोर्ट

> जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। अगर वह इस्तीफा देने से इनकार करते हैं, तो उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है।

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस जांच समिति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपी अपनी रिपोर्ट के अनुसार 14 मार्च की रात को आग लगने के दौरान हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी पाए जाने की पुष्टि की है। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने इंडिया टुडे को पुष्टि की है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के निर्देश पर जस्टिस यशवंत वर्मा को रिपोर्ट भेजी गई है। जस्टिस वर्मा को निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। यह समझा जाता है कि ऐसा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगे की कार्रवाई करने से पहले न्यायमूर्ति वर्मा को जवाब देने का उचित अवसर दिया जा सके। जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। अगर वह इस्तीफा देने से इनकार करते हैं



## पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद

### ऑपरेशन सिंदूर पर ओवैसी बोले- आतंकी ढांचा पूरी तरह किया जाना चाहिए तबाह

▸▸ इस फैसले का स्वागत करते हुए हैदराबाद के सांसद ने आगे कहा कि पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए ताकि फिर कभी पहलगाम जैसी घटना न हो। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

एजेंसी



एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने का आह्वान किया। यह बात बुधवार की सुबह भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के कुछ घंटों बाद कही गई। इस फैसले का स्वागत करते हुए हैदराबाद के सांसद ने आगे कहा कि पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए ताकि फिर कभी पहलगाम जैसी घटना न हो। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

**तारीफ** | **बोले- आज मुझे अपने देश पर बहुत गर्व है**

# शशि थरूर ने सरकार की जमकर की तारीफ

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सराहना कर रहा है, जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी शिविरों पर हवाई हमले किए। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। कई विपक्षी नेताओं ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ इतनी कड़ी कार्रवाई करने के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने सरकार और सशस्त्र बलों की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में शशि थरूर ने कहा, आज मुझे अपने देश पर बहुत गर्व है। जय हिंद! उन्होंने एक अलग पोस्ट में कहा, आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ सोची-समझी, गणना की गई और सटीक हमले। ठीक वही जिसकी मैंने पिछले सप्ताह वकालत की थी: जोरदार प्रहार करो, चतुराई से प्रहार करो। मैं सरकार की सराहना करता हूँ और हमारे सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़ा हूँ। उन्होंने आगे कहा, साथ ही, हमने इस तरह से व्यवहार किया है जो संघर्ष के और विस्तार को उचित नहीं ठहराता। हमने अपनी बात रखी है और आत्मरक्षा में काम किया है। अब समय आ गया है कि सभी संबंधित पक्ष समझदारी से काम लें ताकि अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके। कांग्रेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद बुधवार को कहा कि उसे भारत के सशस्त्र बलों पर गर्व है और उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक अडिग राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। हम उनके दृढ़ संकल्प और साहस की सराहना करते हैं। कांग्रेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद बुधवार को कहा कि उसे भारत के सशस्त्र बलों पर गर्व है और उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक अडिग राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है।

> कई विपक्षी नेताओं ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ इतनी कड़ी कार्रवाई करने के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने सरकार और सशस्त्र बलों की सराहना की।

## भारत हमारी मातृभूमि, पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा

### पाकिस्तान पर ऑपरेशन के बाद आया जमीयत चीफ मदनी का बयान



मदनी ने राष्ट्रीय रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है और इसकी रक्षा हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता के मूल्यों को कायम रखा है। ऐसे समय में जब हमारी सीमाएं खतरे में हैं, हम अपने बहादुर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की सैन्य प्रतिक्रिया के मद्देनजर भारतीय सशस्त्र बलों और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया है। बुधवार को जारी एक बयान में मदनी ने राष्ट्रीय रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है और इसकी रक्षा हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता के मूल्यों को कायम रखा है। ऐसे समय में जब हमारी सीमाएं खतरे में हैं, हम अपने बहादुर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय सहित पूरा देश सशस्त्र बलों के समर्थन में एकजुट है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान युद्ध थोपता है, तो हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि पूरा देश - सभी धर्मों के लोग, खासकर मुसलमान - भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़े होंगे।

मदनी ने भारत सरकार से किसी भी आक्रमण का निर्णायक ढंग से जवाब देने का आग्रह करते हुए कहा, ₹हम भारत सरकार से हर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का कड़ा और उचित जवाब देने का आग्रह करते हैं। दुनिया को यह जानना चाहिए कि भारत एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर हर कीमत पर अपनी भूमि की रक्षा करेगा।

## सम्पादकीय

### लोकतंत्र को विफल करने वाला आचरण, राजनीतिक मतभेद शत्रुतापूर्ण संबंधों में बदलते हैं तो समाज पर दिखता है असर

जो दल इन दिनों संविधान की प्रतियां लहरा रहे हैं वे इसी संविधान में उल्लिखित समान नागरिक संहिता का नाम सुनते ही बिदक जा रहे हैं। जो कांग्रेस लंबे समय तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराती रही वही यह रट लगाए है कि अब ऐसा कराना असंवैधानिक होगा। राजनीतिक दल कैसे अपना रुख और रंग बदलते हैं इसका उदाहरण हैं ईवीएम और आधार। हम ऐसा कहते नहीं अघाते कि वैशाली विश्व का प्रथम गणतंत्र था, जहां सभी फैसले लोकतांत्रिक तरीके से होते थे। सचमुच वैशाली में ढाई हजार साल पहले ऐसा ही होता था। इसी कारण हम यह भी कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। वैशाली को भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली के रूप में भी जाना जाता है। वैशाली ने जो तौर-तरीके अपनाए, वही काफी कुछ बाद में दुनिया के लोकतांत्रिक देशों ने अपनाए, जैसे शासक का चुनाव जनता की ओर से किया जाना और समस्याओं के समाधान के लिए सभा-समितियों का गठन करना।वैशाली के गौरवशाली अतीत पर गर्व किया जाना स्वाभाविक है, लेकिन इस पर कम ही चर्चा होती है कि वैशाली गणराज्य का पतन क्यों हुआ? पतन इसलिए हुआ, क्योंकि समय के साथ हर समस्या पर अंतहीन बहस होती। कहीं कोई सहमति नहीं बनती और सहमति के अभाव में समस्याओं का समाधान भी नहीं होता। स्थिति यह आ गई कि वैशाली के सुरक्षा उपायों पर भी केवल बहस ही होती। एक तरह से लोकतंत्र की अति हो गई, असहमतियां कलह में बदल गईं और नौबत यह आ गई कि वैशाली का समाज और उसका सुरक्षा तंत्र कमजोर पड़ गया।अवसर देखकर मगध नरेश ने उस पर आक्रमण कर दिया और वैशाली को छिन्न-भिन्न कर दिया। वैशाली से भागे कुछ लोग भगवान बुद्ध के पास पहुंचे और उन्होंने सारा किस्सा बयान किया। वह कुपित हुए और उन्होंने कहा कि वैशाली की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। इसी कारण भारत ने जब अपना पहला परमाणु परीक्षण किया तो उसका कूट नाम दिया-बुद्ध मुस्कुराए। अब जरा देखें कि आज के भारतीय गणतंत्र में लोकतंत्र के नाम पर क्या हो रहा है?पहलगाम की भीषण आतंकी घटना के बाद जब पाकिस्तान से तनाव चरम पर है और उसके चलते नागरिक सुरक्षा अभ्यास होने जा रहा है, तब पंजाब और हरियाणा की सरकारें पानी के बंटवारे को लेकर एक-दूसरे के खिलाफ आग उगल रही हैं। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने जिन माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा कहा था, उनके खिलाफ जारी सुरक्षा बलों के अभियान को रोकने की अपील की जा रही है।जिस वक्फ कानून पर सुनवाई 15 मई तक के लिए टल गई, उसके खिलाफ कुछ विधानसभाएं इस आशय के फालतू प्रस्ताव पारित कर रही हैं

## आज का विचार

**बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं**

भारत संवाद

# आतंक के आका का हो स्थायी उपचार

> पाकिस्तान का अस्तित्व हमेशा सवालों में रहा है। वह बलूचिस्तान सिंध नार्थ वेस्ट फ्रंटियर और कुछ स्वायत्त क्षेत्रों में बंट सकता है जिनमें से कई भारत से आत्मीय रिश्ते चाहते हैं। ऐसी स्थिति में स्वार्थलोलुप पाकिस्तानी सेना और घिनौने डीप स्टेट का दायरा इस्लामाबाद रावलपिंडी और लाहौर तक सिकुड़ सकता है।

पहलगाम के वीभत्स आतंकी हमले को एक पखवाड़े से अधिक हो गया है। तबसे पूरा देश उचित प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा में है। समूचा राष्ट्र एकसमान भावनाओं से ओतप्रोत है कि हमें पूरी क्षमता से जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। वैसे तो हमें सरकार के आश्वासन पर भरोसा है कि उचित कार्रवाई अवश्य की जाएगी। फिर भी, उसकी प्रतीक्षा अधीर किए हुए है। यह भी सही है कि ऐसे विषय अत्यंत संवेदनशील होते हैं और उनके संदर्भ में आवश्यक सावधानी बरतनी ही चाहिए।इस समय समाज में सबसे अधिक मंथन इसी पहलू पर जारी है कि भारत को कब, क्या और कैसे कार्रवाई करनी चाहिए। तार्किक दृष्टिकोण तो यही कहता है कि पाकिस्तान पर निरंतर प्रयासों से बहुस्तरीय शिकंजा कसा जाए। उसे सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक सभी मोर्चों पर आघात दिए जाएं। पाकिस्तान के जिस क्रूर एवं कुरूप चेहरे से हम हमेशा से परिचित रहे हैं, वह हाल के वर्षों में पूरे विश्व के समक्ष भी बेनकाब हो गया है।लंबे समय से कहा जाता रहा है कि पाकिस्तान के लोग तो शांति चाहते हैं, परंतु सेना के संरक्षण में सक्रिय डीप स्टेट ने आतंकवाद को एक राज्य नीति के रूप में अपनाया हुआ है। ऐसी स्थिति में हमारी सैन्य कार्रवाई में उस डीप स्टेट को ही निशाना बनाना होगा। अपनी संभावित कार्रवाई में भारत आतंकियों के शिविर नष्ट करने से आगे बढ़ते हुए पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को भी लक्ष्य बनाए।पाकिस्तान में गरीबी और कट्टरपंथ की पैठ को देखते हुए वहां प्रशिक्षित आतंकियों



का कभी अकाल नहीं पड़ने वाला। इसलिए हमें अपने देश को आहत करने वाले आतंकियों को निपटाते रहने के साथ ही उन्हें पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना को भी अपनी कार्रवाई के दायरे में लाना होगा। जब दूसरे देशों को आघात पहुंचाने वालों को खुद मानवीय क्षति उठानी पड़ेगी तो यह उनके युद्धोन्माद से निपटने में एक कारगर निवारक साबित होगा।ऐसे अभियान निःसंदेह अत्यंत दुष्कर होते हैं और उनसे एक व्यापक युद्ध छिड़ने का जोखिम भी बना रहता है। इसके बावजूद समय की मांग है कि एक प्रभावी एवं अपेक्षित कार्रवाई की जाए। दशकों से हम जनसंहार के अपराधियों के प्रत्यर्पण के निरर्थक प्रयासों में लगे हैं। उपयुक्त यही होगा कि आतंक के इन आकाओं को उन्हें शरण देने वाले देशों में ही प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से निशाना बनाएं। कई परिस्थितियों में धारणा भी विशेष महत्व रखती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि इस लड़ाई में हम न केवल जीतें, बल्कि जीतते हुए दिखें भीं निःसंदेह हमारा प्रतिरक्षा तंत्र और सशक्त होना चाहिए। भले ही अभी पूरा ध्यान जवाबी हमले पर है, किंतु इसी दौरान हमें उन आंतरिक कमियों का भी विश्लेषण करना होगा, जो इस हमले से उजागर हुई हैं। हमें अपनी सीमाओं को अभेद्य बनाने, बाह्य-आंतरिक खुफिया ढांचे को सुधारने के साथ ही आतंकियों को मिलने वाले किसी भी समर्थन पर भी अंकुश लगाना होगा।दशकों से हम पाकिस्तान की वास्तविकता उजागर करने में लगे हैं। हमारे कूटनीतिक प्रयास सफल भी हुए हैं। जैसे पारंपरिक रूप से पाकिस्तान के सहयोगी रहे सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे देशों ने भी पहलगाम हमले की तत्काल निंदा की। अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों ने न केवल हमले की भर्त्सना की, बल्कि भारत से सांत्वना जताते हुए हरसंभव समर्थन का आश्वासन भी दिया।फिर भी केवल इतना पर्याप्त नहीं है। हमारे प्रयास ऐसे हों कि पाकिस्तान को न केवल कूटनीतिक स्तर पर अकेला किया जाए, बल्कि उसे आर्थिक रूप से भी चोट पहुंचाई जाए। क्या हम अपनी अर्थव्यवस्था और बाजार के आकार का लाभ पाकिस्तान को हानि पहुंचाने के लिए उठा सकते हैं?यह किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान के संरक्षक देश कौन हैं। किनकी मेहरबानी से उसे वित्तीय खैरात मिलती रही है और कौन उसे सैन्य उपकरण उपलब्ध कराते हैं? पहला नाम अमेरिका का आता है। इस समय मोलभाव में लगे अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमें व्यापार से जुड़े करार में भले ही कुछ समझौते करने पड़ें और उनसे खरीदारी बढ़ानी पड़े। हमारा आग्रह यही होना चाहिए कि इन सबके एवज में अमेरिका पाकिस्तान को वित्तीय मदद रोकने के साथ ही उससे सैन्य सहयोग बंद करे। सीधी सी बात है कि हम आपके बोइंग विमान तभी खरीदेंगे, जब आप हमारे दुश्मन को अपने एफ-16 बेचना बंद करेंगे।चीन भी पाकिस्तान का एक सदाबहार मददगार है। भारत के साथ उसका 100 अरब डालर से अधिक का व्यापार अधिशेष है। अमेरिका के साथ टैरिफ वार के चलते अपने उत्पाद खपाने के लिए उसे नए बाजार की दरकार होगी। ऐसे में भारत चीन के साथ व्यापार बढ़ा सकता है, पर शर्त यही होनी चाहिए कि वह पाकिस्तान के साथ दूरी बनाए। चूंकि खाड़ी के देश भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को विस्तार देने के पक्षधर हैं, इसलिए लगता नहीं कि उन्हें हमारे बर्बाद और नाकाम पड़ोसी में कोई दिलचस्पी होगी।संभव है कि ऐसे प्रयासों की कुछ आर्थिक कीमत हमें भी चुकानी पड़े, लेकिन वह हमारी क्षमता के दायरे से बाहर नहीं होगी। जब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने की राह पर हैं तो यह बोझ वहन कर ही सकते हैं। हमें विस्मृत नहीं करना चाहिए कि गरिमा और सुरक्षा की कोई कीमत नहीं होती। इस लड़ाई में न हम हिचक दिखा सकते हैं और न ही नरमी। इन समन्वित प्रयासों की स्वाभाविक परिणति पाकिस्तान का विखंडन ही दिखती है। आंतरिक दरारों और नस्लीय संघर्ष से जूझ रहा अस्थिर देश लंबे समय तक एकजुट नहीं रह सकता।पाकिस्तान का अस्तित्व हमेशा सवालों में रहा है। वह बलूचिस्तान, सिंध, नार्थ वेस्ट फ्रंटियर और कुछ स्वायत्त क्षेत्रों में बंट सकता है, जिनमें से कई भारत से आत्मीय रिश्ते चाहते हैं। ऐसी स्थिति में स्वार्थलोलुप पाकिस्तानी सेना और घिनौने डीप स्टेट का दायरा इस्लामाबाद, रावलपिंडी और लाहौर तक सिकुड़ सकता है।एक विकसित भारत और खंडित पाकिस्तान हमारी बड़ी आकांक्षाओं में हैं। भले ही किसी देश का विखंडन सोचने में कुछ नकारात्मक भाव हो, किंतु यह उन मानवीय भावों की अभिव्यक्ति ही है, जो नैसर्गिक न्याय को लेकर संतुष्टि की अनुभूति कराती है। यह सभी पीड़ितों, उनके स्वजनों और नागरिक समाज को समर्पित है। जय हिंद।

## राशिफल

**मेष राशि:** आपके लिए अनुकूल रहने वाला है. राजनीति में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी.जॉब करने वालों को किसी नए पद की प्राप्ति भी हो सकती है. आपका कोई काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है.

**वृषभ राशि:** आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको अपने आर्थिक मामलों में सावधान रहने की आवश्यकता है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से कमजोर रहेगी, इसलिए आप बेफिजूल के खर्चों पर लगाम लगाएं. प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं.

**मिथुन राशि:** आपके लिए तनाव से भरा रहने वाला है. आपके घर किसी नामकरण, जन्मदिन पर पूजा पाठ आदि का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिजनों का आना जाना लगा रहेगा. आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा. माताजी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है.

**कर्क राशि :** आपके लिए सुखमय रहने वाला है. आपका अपने साथी के साथ प्रेम बना रहेगा. कानूनी मामले में फैसला आपके पक्ष में आने की उम्मीद है. आप किसी प्रॉपर्टी में अच्छा निवेश कर सकते हैं. आपका यदि कोई काम पेंडिंग चल रहा है, तो आपको उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है

**सिंह राशि :** आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है. आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं. आपके साख और सम्मान में वृद्धि होगी. आपको कुछ कामों को लेकर योजना बनाकर आगे बढ़ना होगा.

**कन्या राशि:** आपके लिए लाभदायक रहने वाला है. आपको अपने बिजनेस में अत्यधिक मात्रा में धन लगाना पड़ सकता है. कार्यक्षेत्र में कोई आपकी चुगली लगा सकता है, जिसके बाद आपके बॉस आपसे नाराज रहेंगे. आपको अपनी आय को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है.

**तुला राशि:** आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है. आपको जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचना होगा. यदि आपको कोई निवेश संबंधी सुझाव दें, तो आप उस पर बहुत ही सोच विचारकर अमल करें.आपकी कोई जरूरी जानकारी लीक हो सकती है.

**वृश्चिक राशि:** आपके लिए मिलाजुला रहेगा. आपको कल कुछ उलझनों के कारण समस्या रहेगी. आपको अपने रक्त संबंधी रिश्तों में चल रहे लड़ाई झगड़े को बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करनी होगी. आप किसी नए घर की खरीदारी करने की योजना बना सकते हैं.

**धनु राशि :** आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आपकी सुख समृद्धि बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी. आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है. आप अपनी मेहनत से कार्यक्षेत्र में एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे.

**मकर राशि :** आपके लिए खर्च से भरा रहने वाला है. आपको अपनी आय और व्यय का लेखा-जोखा रखना अति आवश्यक है, तभी आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने में कामयाब रहेंगे. बिजनेस में आपकी योजनाएं गति पकड़ेगी, जो आपको अच्छा लाभ देंगे. विद्यार्थी किसी खेल प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं.

**कुंभ राशि:** आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई ऐसी बात ना बोले, जिससे कि उनका मन परेशान हो.कार्यक्षेत्र में आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा. कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा.

**मीन राशि:** आपके लिए मंगलमय रहने वाला है. यदि आपकी कोई इच्छा लंबे समय से लटक रही थी, तो उसके पूरी होने की संभावना है. आपको महिला मित्रों से अच्छा लाभ मिलेगा.आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी. गृहस्थ जीवन में प्रेम बना रहेगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आतंकवाद पर बड़ा प्रहार

संजीव ठाकुर

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है, भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा, फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है।

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन, लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और



लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

# प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध सेना को खुली छूट देने के मायने

(संदीप सृजन)

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत-पाक तनाव चरम पर है। इस हमले के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट देने की घोषणा की। इस कदम ने न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा सेना को खुली छूट देने का अर्थ है कि भारतीय सशस्त्र बलों को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूर्ण सामरिक और तकनीकी स्वायत्तता प्रदान की गई है। इसका मतलब यह है कि सेना को यह तय करने की आजादी है कि कार्रवाई का समय, स्थान, लक्ष्य और तरीका क्या होगा। यह स्वायत्तता केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें खुफिया जानकारी के आधार पर त्वरित निर्णय लेने और सीमा पार आतंकी ठिकानों पर हमला करने की क्षमता भी शामिल है।यह नीति पहलगाम हमले के जवाब में सामने आई, जिसे भारत ने पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा है। इस हमले ने भारत में जनता के बीच गुस्से को भड़काया और सरकार पर कठोर कार्रवाई की मांग को बढ़ाया। प्रधानमंत्री का यह बयान कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है और सेना को लक्ष्य, समय और तरीका तय करने की स्वतंत्रता देना, भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है।हालांकि यह पहली बार नहीं है जब भारत ने आतंकवाद के जवाब में सेना को खुली छूट दी हो। 2016 में उरी हमले और 2019 में पुलवामा हमले के बाद भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की थी। उरी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सर्जिकल स्ट्राइक की, जिसमें आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया। इसके बाद, पुलवामा हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों पर हवाई हमला किया। इन दोनों घटनाओं में सेना को सरकार से स्पष्ट निर्देश और स्वायत्तता प्राप्त थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत ने अपनी सैन्य शक्ति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ हुई झड़प के दौरान भी सेना को इसी तरह की स्वतंत्रता दी गई थी, जिसने भारत की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खुली छूट का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि सेना अब बिना राजनीतिक या नौकरशाही हस्तक्षेप के त्वरित कार्रवाई कर सकती है। यह विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के मामलों में महत्वपूर्ण है, जहां समयबद्ध प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होती है। इस घोषणा ने पाकिस्तान में खलबली मचा दी है।

पाकिस्तानी नेताओं और मीडिया ने 24-36 घंटों के भीतर भारत द्वारा हमले की आशंका जताई थी। कुछ पाकिस्तानी अधिकारियों ने अपने परिवारों को विदेश भेज दिया है, और सेना में सामूहिक इस्तीफों की खबरें भी सामने आई हैं। यह दर्शाता है कि भारत की यह नीति न केवल सैन्य बल्कि मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी प्रभावी है।

भारत की सेना किसी भी समय सीमा पार आतंकी ठिकानों पर हमला कर सकती है। यह हमला सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमले, या किसी नए तरीके से हो सकता है। पाकिस्तान ने पहले ही सीमा पर टैंक तैनात किए हैं और अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। हालांकि, उसकी सेना में मनोबल की कमी और आंतरिक अस्थिरता भारत के लिए लाभकारी हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देश इस तनाव को कम करने की कोशिश कर सकते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर चचेरे भाई राज ठाकरे के बाद आई उद्धव ठाकरे की शिवसेना की प्रतिक्रिया

**भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में एक बड़ा हमला किया। इस हमले में आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया गया। कई आतंकियों को भी मार गिराया गया। इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। इस पर उद्धव और राज ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में एक बड़ा हमला किया। इस हमले में आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया गया। कई आतंकियों को भी मार गिराया गया। इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। इससे पूरे देश में खुशी की लहर है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। वहीं मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने इस पर अलग राय रखी है। राज ठाकरे ने एयर स्ट्राइक को सही नहीं माना है। जबकि उद्धव ठाकरे ने इसे गर्व की बात बताई है। ऑपरेशन सिंदूर पर ठाकरे बंधुओं की अलग रायराजनीतिक हलकों में ठाकरे बंधुओं के एक साथ आने की चर्चा पहले भी होती रही है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उनके विचारों में कोई समानता नहीं है। क्योंकि राज ठाकरे ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हवाई हमला करना सही है।' हालांकि उद्धव ठाकरे ने इस हमले को गर्व का विषय बताया है।

# ऑपरेशन सिंदूर के वीडियो फुटेज सामने आने के बाद संदेह की कोई गुंजाइश नहींः मुख्यमंत्री फडणवीस

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार को सराहना की और कहा कि मिसाइल हमलों के वीडियो फुटेज सामने आने के बाद संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,पिछली बार जब भारत ने पुलवामा अटैक का बदला बालाकोट एयर स्ट्राइक करके लिया था तब पाकिस्तान तो क्या भारत के खुद के राजनेताओं ने भारतीय सेना को कटघरे में खड़ा कर दिया था। बेहद संवेदनशील होने के कारण बालाकोट एयरस्ट्राइक की वीडियो ग्राफी नहीं की गयी थी लेकिन इस बार मोदी सरकार जानती थी कि उनके देश के लोग ही उन्हें कटघरे में खड़ा कर देंगे इस लिए ऑपरेशन सिंदूर की वीडियो भी सामने आयी है। भारतीय सेना ने भी खुद इसका वीडियो शेयर किया है। अब इसी पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी अपनी राय दी है और भारतीय सेना की कामयाबी पर खुशी जताई है।ण्महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार को सराहना की और कहा कि मिसाइल हमलों के वीडियो फुटेज सामने आने के बाद संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है ।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह सैन्य कार्रवाई की गई। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। फडणवीस ने एक वीडियो संदेश में कहा, हम भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस कार्रवाई के लिए बधाई देते हैं ।यह एक सटीक हमला था जिसमें नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इस बार हवाई हमले का वीडियो फुटेज उपलब्ध है, जिससे किसी के लिए भी इसका सबूत मांगने की कोई गुंजाइश नहीं है। फडणवीस ने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह हमला आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के संकल्प को दशार्ता है।

फास्ट ट्रैक

# बेलापुर विभाग ने अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ,मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उपायुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोड़े के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने बेलापुर प्रभाग में अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कार्रवाई कर उसमें रहने वालों को बेदखल कर दिया है ।नवी मुंबई मनपा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दुगार्माता नगर सेक्टर-08, बेलापुर, नवी मुंबई में जमीन पर बने अनधिकृत झोपड़ों को हटाना आवश्यक है। उत्तरः विभागीय कार्यालय, बेलापुर के माध्यम से तोडू अभियान चलाकर उक्त भूखंड पर स्थित 64 अनाधिकृत झोपड़ियों को हटा दिया गया है। सहायक आयुक्त एवं विभागीय अधिकारी, बेलापुर विभाग, डॉ. अमोल पालवे, इस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी बेलापुर के साथ-साथ अतिक्रमण विभाग की पुलिस भी मौजूद थी। अभियान में पोकलैन-01, मजूदर-22, वाहन आइशर-01, पिकअप-01, स्थानीय पुलिस और अतिक्रमण विभाग की पुलिस को तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा है कि भविष्य में यह कार्रवाई तेज की जाएगी।

# किसके पास रहेगा धनुष-बाण? शिवसेना पार्टी के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले तीन साल से छाए शिवसेना विवाद पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अहम सुनवाई होगी। इसमें उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे की तरफ दलीलें रखी जाएंगी। कोर्ट ने उद्धव ठाकरे की आपत्तियों के साथ धनुष बाण शिंदे को दे दिया था अब इस पर अंतिम फैसल हो सकता है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः 2022 में शिवसेना के दो फाड़ होने के बाद महाराष्ट्र में चल रहे राजनैतिक विवाद पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। शिवसेना में फूट पड़ने के बाद चुनाव आयोग ने शिवसेना और धनुष-बाण का चुनाव चिन्ह एकनाथ शिंदे को दे दिया था, हालांकि इस फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे सुप्रीम कोर्ट गए थे। इसमें उन्होंने अपने-अपने दावे किए थे। बुधवार को हाईकोर्ट में शिवसेना पार्टी और चुनाव-चिन्ह को लेकर अहम सुनवाई होगी। इसमें चुनाव चिन्ह पर फैसला हो सकता है। क्या है पूरा मामला ?शिवसेना के दो फाड़ होने के मामले में उद्धव ठाकरे ने फरवरी 2023 में याचिका दाखिल की थी। काफी लंबे इंतजार के बाद 7 मई की तिथि आई। सुप्रीम कोर्ट में होने वाली यह फैसला होगा कि शिवसेना पार्टी किसकी होगी और धनुष-बाण चुनाव चिन्ह किसे मिलेगा ? शिवसेना में फूट पड़ने के बाद शिंदे बीजेपी के समर्थन से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बन गए थे। इसके बाद पिछले साल विधानसभा चुनाव भी हो गए थे। इसमें चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे को अलग-अलग चुनाव चिन्ह दिए थे। शिंदे को धनुष बाण इस्तेमाल करने की अनुमति मिली थी जब उद्धव ठाकरे की नई पार्टी को मशाल सिंबल अलॉट किया गया था ।दो चुनावों के बाद आई सुनवाईविधानसभा चुनावों में उद्धव की पार्टी सिर्फ 20 सीट जीत पाई थी तो वहीं शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने 57 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि इससे पहले जून में हुए लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे की पार्टी भारी पड़ी थी। उन्होंने टूट के बाद भी नौ सांसद जिता लिए थे।

# पश्चिम रेलवे द्वारा अप्रैल, 2025 में गहन टिकट जाँच अभियानों से जुर्मानेके रूप में प्राप्त की गई 21.89 करोड़ रुपये की राशि

## पश्चिम रेलवे द्वारा पिछले पाँच वर्षों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जाँच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में अत्यधिक अनुभवी टिकट चेकिंग टीम द्वारा अप्रैल, 2025 में कई टिकट जाँच अभियान चलाए गए, जिनसे 21.89 करोड़ रुपये की प्राप्ति की गई, जिनमें मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 6 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अप्रैल, 2025 में बिना बुक किए सामान के मामलों सहित 3.10 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 21.89 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई। इसके अलावा, अप्रैल के महीने में ही पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 1 लाख मामलों का पता लगाकर 6 करोड़ रुपये का जुमार्ना प्राप्त किया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल, 2025 में 6,000 से अधिक अनधिकृत यात्रियों पर जुमार्ना लगाया गया है तथा 20.24 लाख रुपये की राशि जुमार्ने के रूप में वसूल की गई ।पश्चिम रेलवे द्वारा आम जनता से हमेशा उचित और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की गई है।

# 100 दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत कोंकण संभाग के नौ कार्यालय राज्य स्तर पर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , राज्य सरकार के 100 दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यालयों को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। क्षेत्रीय कार्यालयों में से कोंकण संभाग के कुल नौ कार्यालयों को इस सम्मान के लिए चुना गया। कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई और उन्हें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कोंकण संभागीय आयुक्त कार्यालय को 100 दिवसीय कार्यालय सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों की सूची में प्रथम स्थान दिया गया है। कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी को मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सम्मानित किया।

### नगर पालिकाओं का गौरव

उल्हासनगर महानगरपालिका ने नगर निगम कार्यालयों का समूह जीत लिया। आयुक्त श्रीमती मनीषा अव्हाले को प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, नवी मुंबई मनपा को तीसरा स्थान मिला है। पनवेल नगर आयुक्त मंगेश चितले को भी चौथे स्थान के लिए सम्मानित किया गया।

### मुख्य कार्यकारी अधिकारी गट में ठाणे का झंडा गड़ा




ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी समूह का नेतृत्व किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन घुगे को प्रथम स्थान दिया गया है। उनके कुशल नेतृत्व में जिला परिषद कार्यालय ने प्रशासन में उल्लेखनीय प्रगति की।

### पुलिस विभाग का गौरव

पुलिस आयुक्तालय समूह में सबसे पहले मीरा-भाईंदर पुलिस आयुक्तालय बहाल की गई। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे को इसके लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कोंकण सर्किल के संजय दराडे ने पुलिस उप महानिरीक्षक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। पुलिस अधीक्षक समूह में पुलिस अधीक्षक पालघर बालासाहेब पाटिल को सम्मानित किया गया ।इस पुरस्कार कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार ने प्रशासन में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित किया है तथा कार्य पद्धति में गति, पारदर्शिता और नागरिकोन्मुखी सेवा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस पहल की सराहना की और संकेत दिया कि आने वाले समय में और अधिक व्यापक सुधार लागू किए जाएंगे।

# पश्चिम रेलवे ने 13 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे के 13 कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को फरवरी एवं मार्च, 2025 के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया गया। इन 13 कर्मचारियों में वडोदरा मंडल से 05, मुंबई सेंट्रल मंडल से 03, अहमदाबाद मंडल से 01, जबकि भावनगर एवं रतलाम मंडल से प्रत्येक से 02 कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री मिश्र ने सम्मानित किए गए कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। सम्मानित किए गए कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल एवं ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, मानव जीवन को बचाना, कोचों में पाए जाने वाले धुएं को बुझाना, ब्रेक बाइंडिंग, लटकती वस्तुओं का पता लगाना आदि जैसे संरक्षा से संबंधित कार्यों को करते हुए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में उत्साह और प्रतिबद्धता दिखाई। पश्चिम रेलवे को इन सभी पुरस्कृत कर्मचारियों पर गर्व है जिन्होंने अपनी त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोकने में मदद की।

# लोकसभा-विधानसभा के बाद अब लोकल बॉडी का घमसान, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से चढ़ा सियासी पारा

**महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद अब स्थानीय निकाय के चुनावों के लिए राजनीति गहमागहमी शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को चार महीने में चुनाव कराने के लिए कहा है। विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत के बाद महायुति के एक साथ चुनाव लड़ने की उम्मीद है। इसके संकेत सीएम फडणवीस ने दिए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में चार हफ्ते में निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने निर्देश दिया है। मुंबई में बीएमसी चुनावों के साथ पूरे राज्य में लोकल बॉडी के चुनाव लंबे समय से अटके हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि महायुति मिलकर चुनाव लड़ेगी, हालांकि, महायुति में शामिल दलों के स्थानीय नेता चाहते हैं कि वे अकेले चुनाव लड़ें। उनका मानना है कि ऐसा करने से उन्हें ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। महायुति में बीजेपी के साथ एनसीपी और शिवसेना प्रमुख घटक दल हैं। महायुति ने विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत हासिल की थी, तो वहीं दूसरी तरफ निकाय चुनावों को लेकर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में तस्वीर साफ नहीं है।

**क्या बोले सीएम फडणवीस?**

फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि हम चुनाव आयोग से जल्द से जल्द नगर निकाय चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध करेंगे। हमें खुशी है कि ओबीसी आरक्षण पूरी तरह से लागू होगा। उन्होंने आगे कहा कि महायुति साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। हो सकता है कि किसी एक नगर निकाय में स्थानीय स्तर पर अलग फैसला लेना पड़े, लेकिन नीतिगत रूप से महायुति गठबंधन के तौर पर चुनाव लड़ेगी। सीएम फडणवीस ने साथ मिलक लड़ने की बात को अहिल्यानगर में बीजेपी के कार्यालय का उद्घाटन करने के मौके पर भी दोहराया। फडणवीस ने फिर से कहा कि बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी का गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा।

**फडणवीस बोले-2024 करेंगे रिपीट**

फडणवीस ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, और हमें नगर निकायों में भी वही नतीजे दोहराने की जरूरत है। बीजेपी के नेतृत्व में महायुति सभी जगहों पर जीत सुनिश्चित करेगी। विधानसभा चुनाव के नतीजों ने महायुति में शामिल तीनों दलों के स्थानीय नेताओं की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। वे इस गति को बनाए रखना चाहते हैं और अकेले चुनाव लड़ना चाहते हैं ।क्या है कार्यकताओं की मंशा?

पुणे के एक बीजेपी कार्यकर्ता ने टीओआई से बातचीत में कहा कि बीजेपी ने विधानसभा में ऐतिहासिक संख्या में सीटें जीती हैं, और अब पार्टी के साथ गति है। हर उम्मीदवार चुनाव की तारीखों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। चूंकि पार्टी में बहुत सारे उम्मीदवार हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि उसे गठबंधन में चुनाव नहीं लड़ना चाहिए

# दिसंबर में पिता की हत्या, मार्च में दी 12वीं की परीक्षा

मुंबईः महाराष्ट्र में पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद एक बीड के मस्साजोग के सरंपच संतोष देशमुख की निर्ममता से हत्या की गई थी। इस घटना ने पूरे प्रदेश की राजनीति को हिला कर रख दिया है। आखिर में बीड से आने वाले कद्दावर नेता और मंत्री बने धनंजय मुंडे को फडणवीस सरकार से विदाई हुई थी।


**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः **अ.क्र. 1 : निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/32 दिनांक 05.05.2025. कार्य एवं स्थान** : विरार-जोरावासन अनुभाग के उन्नयन एवं सुधार कार्य के अंतर्गत संजन, भिलाड, करंबेली, वापी, उदवाडा, पारडी, अतुल, वलसाड एवं डुंगरी यार्ड में ट्रॅक कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,89,28,849.26/-. **ईएमडी** : रु. 444700.00/- . **अ.क्र. 2 : निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/33 दिनांक 05.05.2025. कार्य एवं स्थान** : विरार-जोरावासन अनुभाग के उन्नयन एवं सुधार कार्य के अंतर्गत सफाले, केलवे रोड, पालघर, बोईसर, वनगांव, दहाणू रोड, गोलवड, उमरगाम यार्ड में ट्रॅक कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,24,77,832.19/-. **ईएमडी** : रु. 412400.00/- . **उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए : निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15.30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0119

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विविध कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती हैः **अ.क्र. 1 : निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/34 दिनांक 05.05.2025. कार्य एवं स्थान** : दादर मिडटाउन – 730 दिनों की अवधि हेतु टँकरों द्वारा पेय योग्य पानी की आपूर्ति का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 84,58,496.00/-. **ईएमडी** : रु. 169200.00/-. **अ.क्र. 2. निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/35 दिनांक 05.05.2025. कार्य एवं स्थान** : बांद्रा टर्मिनस पर इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड के अनुरक्षण सुविधा सुधार हेतु विस्तार कार्य तथा मुंबई सेंट्रल (मुख्य) – मुंबई सेंट्रल में नये कार्यालय का निर्माण एवं कवर्ड शेड और ड्रेनेज के साथ पिट लाइन का विस्तार और पुराने इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड पिट लाइन की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,31,05,071.55/-. **ईएमडी** : रु. 365500.00/-. **उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु : निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0119

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग,
मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-8 | 20.05.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-ST-BCA-66-25-1 (Misc-Static- Services-Battery Operated Carts with Advertisement | सूरत (एसटी) स्टेशन पर बीओसी की बॉडी पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अनुमति तथा संचालकों के साथ 02 (दो) बैटरी संचालित कार्ट्स (बीओसी) की आपूर्ति, संचालन और अनुरक्षण के कार्य हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 20-05-2025 14:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-9 | 20.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-ST-OSN-414-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | सूरत (एसटी) स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया और पैसेंजर होल्डिंग एरिया में थोक विज्ञापन अधिकार. | 196 | 20-05-2025 15:30:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 0121

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/26/2025 दिनांक 05.05.2025

| अ. क्र. | आइटम्स का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 213 | मस्ट चेंज पीओएच (बुरान 10 कम्प्रेसर) किट | 8 सेट | 29-मई-25 |
| 214 | बैटरी चालित रेल चेम्फरिंग मशीन | 172 नग | 03-जून-25 |
| 215 | ह्यूमन एल्ब्युमिन 20 प्रतिशत | 1955 नग | 16-जून-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें.

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly 0118

**पश्चिम रेलवे-वडोदरा मंडल**

**SCADA प्रणाली का अपग्रेडेशन**

**निविदा सं.: EL/TRD/Tender/25-26/02.** भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) वडोदरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. 1 - निविदा सं.: EL/TRD/Tender/25-26/02, कार्य का नाम:** वडोदरा मण्डल की SCADA प्रणाली में साइबर सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन के लिए वर्तमानित SCADA प्रणाली का अपग्रेडेशन। **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 7,39,50,000/- **बोली प्रतिभूति (₹ में):** ₹ 5,19,800/- **निविदा की राशि एवं कार्य समापन की अवधि:** कार्य समापन की अवधी 12 माह, **निविदा की समय सारणी:** निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय 06/06/2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट विवरण और सूचना का लोकेशन जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के किए:** वेबसाइट विवरण **www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वड़ोदरा - 390 004 028

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**भुसावल विभाग**

**ई-निविदा आमंत्रन सुचना**

**1) कार्य का विवरण:** थ्री फेज लोकोमोटिव्स के एफटीआरटीआईएल निर्मित ई-70 एयर ब्रेक पैनल के मरम्मत / ओवरहॉलिंग हेतु कार्य करना। मात्रा – 30 लोको सेट, **2) अनुमानित लागत :** रु 5,54,60,332.76 /- (पाँच करोड़ चौवन लाख साठ हजार तीन सौ बत्तीस रुपये और छिहत्तर पैसे मात्र, **3) अग्रिम धन :** रु. 4,27,300/- (चार लाख सत्ताईस हजार तीन सौ रुपये मात्र), **4) समापन कालावधी :** 18 माह **5) निविदा अपलोड का अंतिम दिन और समय :** 03-06-2025 (15:00 बजे), **6)** वेबसाईट विवरण: **http://ireps.gov.in**, **7) नोटिस बोर्ड और पता :** (जहा निविदा सुचना का विस्तृत विवरन देख सकते हैं) मुख्य कारखाना प्रबंधक, विद्युत इंजन कारखाना, भुसावल कार्यालय, मध्यरेल, पुराना वरनगाव रोड, भुसावल, पिनकोड 425201.

**E-Tender Notice No.: BSL/ELW/Tender/2025-26/02**

**CWM, ELW, BHUSAVAL**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है BSL-01

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (सं.एवं.दु.सं.) छ.शि.म.ट. मुंबई, पहली मंज़िल पार्सल कार्यालय भवन, प्लैटफ़ार्म क्रमांक 13 के पास, मध्य रेल, छ.शि.म.ट. मुंबई 400001, प्रतिष्ठित ठेकेदार से दो ऑनलाइन खुली निविदा बुलाना आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवम समय 05/06/2025 को 15.00 बजे होगा । **अ क्रः 1, निविदा सूचना न.: सी आर -बी बी - दु.सं.- 2025-04, कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन में वीओआईपी आधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग तथा पांच वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध । **लगभग मूल्य:** 4,05,56,464/-, **बयाना राशि जमा:** 3,52,800/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 05/06/2025 को 15:00 बजे। **वैधता:** 60 दिन, **समापन अवधी:** 12 महीने । **अ क्रः 2, निविदा सूचना न.: सी आर -बी बी - दु.सं. -2025-19, कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर मौजूदा वीएचएफ आधारित स्टेशन संचार के लिए वॉयस रिकॉर्डिंग की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **लगभग मूल्य:** 3,71,38,990/-, **बयाना राशि जमा:** 3,35,700/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 05/06/2025 को 15:00 बजे। **वैधता:** 60 दिन, **समापन अवधी:** 12 महीने । निविदा का पूरा विवरण, शुद्धिपत्र और पूरे निविदा दस्तावेज़ भारतीय रेल के कार्यालयीन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का पूरा विवरण म.रे.प्र. (सं. एवं दु.सं.) के कार्यालय के सूचना फलक (नोटिस बोर्ड) पर भी उपलब्ध है। यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 (Public Procurement Policy Order 2017\ dated 15.06.2017) का अनुपालन करती है

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 80

**मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा संख्या : मरेप्रकार्यनागपुर-34-2025-01 दिनांक 02/05/2025**

**कार्य का नाम:** एडीईएन (दक्षिण) नागपुर उप-विभाग के अंतर्गत फरवरी 2023 के संशोधित गिट्टी विनिर्देश के अनुसार खदान के बाहर से मशीन से कुचले गए गिट्टी की आपूर्ति और ढेर लगाना और बोरखेड़ी डिपो में यांत्रिक साधनों द्वारा गिट्टी हॉपर में लोड करना का प्रस्ताव। **(i) अनुमानित लागत रु. :** 55201800.00 **(ii) बयाना राशी रु. :** 426000.00 निविदा बंद होने की तिथि 26/05/2025 एवं समय 15.00 ईटेंडरिंग की विस्तृत जानकारी एवं तु रेल वेबसाइट तथा ऑन लाइन भाग लेने हे सूचना **www.ireps.gov.in** देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), नागपुर**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है NGP-41

# पंचायत समिति शाहपुर को कोंकण अनुभाग में मिला प्रथम रैंक पुरस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , पंचायत समिति शहापुर, जिला परिषद ठाणे को वर्ष 2023-2 के लिए महाराष्ट्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित ᳰयशवंतराव चव्हाण पंचायत राज अभियान के अंतर्गत कोंकण संभाग में प्रथम स्थान मिलने कर सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 11 लाख रुपए की पुरस्कार राशि शामिल है ।यह पुरस्कार पंचायती राज संस्थाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के मूल्यांकन पर आधारित है। पंचायत समिति शाहपुर का चयन जनभागीदारी, डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पारदर्शी प्रशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि शहापुर पंचायत समिति ने गांव स्तर पर अपने विकास कार्यों को जारी रखते हुए अन्य तालुकाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। मुझे गर्व है कि उनके काम को राज्य स्तर पर मान्यता मिली है। साथ ही, पंचायत समिति शाहपुर की समूह विकास अधिकारी नम्रता जगताप ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। हम भविष्य में विकास कार्यों में नवीनता और गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास करते रहेंगे। यह सम्मान पंचायत समिति शाहपुर के सभी कर्मचारियों की एकता एवं नागरिकों के सहयोग से प्राप्त हुआ है। आशा है कि इससे उन्हें भविष्य में कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरणा मिलेगी।



# ग्रीष्मावकाश में मनपा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर में तकनीकी खेलों की शिक्षा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में नवी मुंबई मनपा स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन कबड्डी, खो-खो, ताइक्वांडो और फुटबॉल के छात्रों को तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया गया था क्योंकि वे इन खेलों में बहुत रुचि रखते हैं। मनपा स्कूल के विद्यार्थियों को इस शिविर से लाभ मिलेगा, क्योंकि इसमें चार खेल विधाओं के विशेषज्ञों और अनुभवी खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा ।मनपा स्कूल क्रमांक 1 में कबड्डी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 76/105 घनसोली और खो-खो का प्रशिक्षण मनपा स्कूल क्रमांक 41 अडवाली-भुटवाली में दिया जाता है, साथ ही फुटबॉल और ताइक्वांडो का प्रशिक्षण मनपा स्कूल क्रमांक 36/122 कोपरखैरने में दिया जाता है ।इस प्रशिक्षण से कुल 234 लड़के-लड़कियां लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें कबड्डी के लिए 31, खो-खो के लिए 28, ताइक्वांडो के लिए 89 तथा फुटबॉल के लिए 86 खिलाड़ी शामिल हैं। नगरपालिका प्रशिक्षण मैदान में इन छात्रों को नाश्ता तथा टी-शर्ट और शॉर्ट पैंट जैसी खेल पोशाकें उपलब्ध करा रही है। यह शिविर 2 मई से शुरू हुआ और 15 मई तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक चला। प्रत्येक खेल के लिए दो अनुभवी प्रशिक्षक नियुक्त किये गए हैं। इन कोचों के साथ छह कोच हैं। शिविर को सफल बनाने में प्रशिक्षकों के साथ-साथ सलाहकार भी मदद कर रहे हैं। मनपा शिक्षा विभाग के उपायुक्त श्री. संघरत्न खिल्लारे एवं शिक्षा विस्तार अधिकारी सुलभा बरघरे के साथ-साथ संबंधित स्कूलों के प्राचार्य और सह-शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। कैलाश शिंदे ने प्रतिभागियों को बधाई दी और उनसे प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। खेल विभाग के उपायुक्त अभिलाष पाटिल, खेल अधिकारी रेवप्पा गुरुवा और खेल विभाग के अन्य कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की है।




फास्ट ट्रैक

# थाने से सरकारी पिस्टल गायब

## निरीक्षण में खुलासा, हेड कांस्टेबल पर एफआईआर दर्ज; कारतूस और मैगजीन भी नहीं मिले

शाहजहांपुर , जलालाबाद थाने से सरकारी पिस्टल, मैगजीन और कारतूस गायब हो गए हैं। मामले में हेड कॉन्स्टेबल अंगनलाल पीपलानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थाने के औचक निरीक्षण के दौरान यह मामला सामने आया। 31 जनवरी को पुलिस लाइन शाहजहांपुर के अधिकारियों ने भौतिक सत्यापन किया। इसमें पाया गया कि 9मिमी पिस्टल नंबर 18158832, 10 कारतूस और एक मैगजीन थाने के रिकॉर्ड में तो दर्ज हैं, लेकिन मौके पर नहीं मिले। सीओ जलालाबाद ने 3 फरवरी को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। जांच में सामने आया कि तत्कालीन हेड मुहर्रिर अंगनलाल पीपलानी ने सरकारी संपत्ति की सुरक्षा में लापरवाही बरती। 4 मई को थाना जलालाबाद में एफआईआर नंबर 09/2025 दर्ज की गई। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ आईपीसी की धारा 409 और बीपी एक्ट की धारा 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वर्तमान में आरोपी पुलिस लाइन शाहजहांपुर में तैनात हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

## दोस्त की शादी में जा रहे युवक की मौत, 2 घायल, चालक फरार

तिलहर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिउरा मोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रहे भूसी लदे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार उर्वेश सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके साथ मौजूद सौरभ और प्रयांशु गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक उर्वेश के बड़े भाई महेश कुमार ने बताया कि उर्वेश अपने दोस्त सौरभ के भाई की शादी में जाने के लिए घर से निकला था। सौरभ जैतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किसन गोटिया का रहने वाला है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को तुरंत बरेली के अस्पताल पहुंचाया। उर्वेश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अहरौरा बांध की मरम्मत में घपला

## पुराने लोहे का फिर से उपयोग, मानसून से पहले काम पूरा होने में संशय

मिर्जापुर, अहरौरा बांध की मरम्मत के लिए शासन ने 48 लाख रुपए जारी किए हैं। सिंचाई विभाग ने वर्ष के आरंभ में कार्ययोजना भेजी थी। बांध के सुलुस मुख्य गेट से कई वर्षों से पानी का रिसाव हो रहा था गेटों में बड़े छेद होने से बांध का पानी बेकार बह रहा है। धान की खेती के लिए किसानों को पानी की आवश्यकता होगी। किसान नेता प्रहलाद सिंह के अनुसार, 14 जून से मानसून की शुरूआत होती है, लेकिन मरम्मत कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। जेई ओम प्रकाश राय ने बताया कि सुलुस गेट की मरम्मत से सीपेज की समस्या जल्द दूर हो जाएगी। हालांकि, स्थानीय किसानों का आरोप है कि कार्यदाई संस्था विभाग के साथ मिलीभगत कर रही है।

# ठाणे जिला परिषद राज्य में प्रथम स्थान पर है, कार्यालय मूल्यांकन अभियान में सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , महाराष्ट्र सरकार और भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित कार्यालय मूल्यांकन झ 100 दिवसीय कार्रवाई कार्यक्रम के अंतर्गत जिला परिषद, ठाणे ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करके एक शानदार सफलता प्राप्त की है। आज इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बारे में मुंबई के कैबिनेट हॉल, मंत्रालय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा आयोजित एक समारोह में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभियान में कार्यालय प्रक्रियाओं, दक्षता, पारदर्शिता, नागरिकों के साथ संचार और सेवाओं की समय पर डिलीवरी जैसे विभिन्न कारकों का मूल्यांकन किया गया। ठाणे जिला परिषद 92.00 अंकों के साथ राज्य में शीर्ष पर रही। इस अवसर पर ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, अतिरिक्त मुख्य सचिव एकनाथ दावले, प्रभारी मुख्य सचिव राजेश कुमार और अन्य मंत्रिमंडल सदस्य उपस्थित थे।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के प्रभावी नेतृत्व और जिला परिषद के निरंतर कठिन परिश्रम से यह सफलता प्राप्त हुई। इस सफलता का श्रेय जिला परिषद ठाणे के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को जाता है। 100 दिन के कार्य कार्यक्रम में हमने प्रशासन को गतिशील, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। यह सफलता प्रेरणादायी है और हम भविष्य में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




# अंबरनाथ नगरपालिका ने बुधवार को जोरदार ढंग से चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## मुख्यमार्गों पर दुबारा अतिक्रमण किया गया तो सख़्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी- नरेंद्र शंखे (अतिक्रमण विभाग प्रमुख)

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. विगत दिनों अंबरनाथ नगरपालिका के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड द्वारा अंबरनाथ शहर के पूर्व और पश्चिम भाग की तीन मुख्य सड़कों फायर ब्रिगेड कार्यालय से कोहोजगांव चौक, बी केबिन रोड से मोरीवली पाड़ा तक और मटका चौक से फॉरेस्ट नाका तक की मुख्य सड़कों पर फैले अतिक्रमण, फुटपाथों पर अनधिकृत निर्माणकार्यों, हाथ गाड़ियों, फुटपाथ पर अवैध दुकानों आदि को हटाने के संबंध में आदेश पारित किया था। मुख्याधिकारी के उक्त आदेश के संबंध में बुधवार 7 मई को पुलिस प्रशासन, अतिक्रमण हटाओ विभाग के प्रमुख नरेंद्र शंखे और विभाग के अन्य कर्मचारी,सुनील गावित,आरोग्य विभाग के कर्मचारी,नगर रचना विभाग के कर्मचारी आदि ने संयुक्त रूप से कार्य करके उक्त तीनों सड़कों के अतिक्रमणों को हटाया। कल्याण बदलापुर रोड के अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण कार्यों को हटा दिया गया है। फायर ब्रिगेड से लेकर कोहोजगांव तक की महत्वपूर्ण सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कर दिया गया। आज हुई इतने बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान की शहर के नागरिकों ने मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड और अतिक्रमण विभाग के प्रमुख नरेंद्र शंखे की विशेष सराहना की जा रही है ।अतिक्रमण विभाग के प्रमुख नरेंद्र शंखे ने सभी नागरिकों से आवाहन किया है अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम की इन मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ जो कार्यवाही की है उसमें प्रशासन का सहयोग करें यदि उक्त स्थानों पर भविष्य में फिर किसी प्रकार का अतिक्रमण या अनधिकृत निर्माण कार्य होता है तो उनके खिलाफ नगरपालिका अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके सख्त कार्यवाही की जाएगी ।नपा मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड ने भी सभी नगरवासियों से अपील की है कि शहर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए मुख्यमार्गों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण या अनधिकृत निर्माण कार्य न करे। प्रशासन का सहयोग करें अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**पुलिस ने फरुर्खाबाद के रहने वाले आरोपी से तमंचा और कारतूस बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फरुर्खाबाद जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरई निवासी रजनीश के रूप में हुई है। वह हरपाल का पुत्र है। पुलिस ने बताया कि जलालाबाद पुलिस टीम ने अफतियापुर गांव से लगभग 400 मीटर पहले, पल्हरई गांव जाने वाले रास्ते से आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा संख्या 236/2025 के तहत आयुध अधिनियम की धारा 3/25 में मामला दर्ज किया है। कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।




# बॉम्बे हाईकोर्ट में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के निर्माण,विसर्जन आदि पर प्रतिबंध के केस पर 5 मई को हुई सुनवाई

## 30 जनवरी 2025 को दिए पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध का अंतरिम आदेश रहेगा जारी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.सोमवार 5 मई को बॉम्बे हाईकोर्ट में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) मूर्तियों के विसर्जन से संबंधित याचिका पर सुनवाई हुई।इसमें माननीय न्यायालय ने कोई नया आदेश न जारी करते हुए 30 जनवरी 2025 को दिए गए अंतरिम आदेश कि पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध लगा रहेगा को ही आगे बढ़ाया है और इस केस की अगली सुनवाई 9 जून को होगी। महाराष्ट्र सरकार ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने इस विषय से संबंधित कुछ सिफारिशों की रिपोर्ट तैयार की है और उसे 5 मई 2025 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को सौंपा है और विशेष बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में काकोडकर समिति की 29 अप्रैल की सिफारिशें भी शामिल हैं। सीपीसीबी ने उक्त रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए समय मांगा है, और न्यायालय ने 1 जून 2025 तक सीपीसीबी को उस पर अपनी भूमिका हलफनामे के रूप में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इस तरह इस विषय से संबंधित अगली सुनवाई के लिए 9 जून 2025 की तारीख दी गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पीओपी मूर्तियों पर लगी रोक बरकरार है और राज्य के सभी तंत्रों और संबंधित घटकों को इसका सख्ती से पालन करना चाहिए। राज्य सरकार ने विशिष्ट शर्तों पर समुद्र में विसर्जन की अनुमति देने के बारे में सुझाव दिए हैं, लेकिन सीपीसीबी के 2020 के दिशानिर्देशों में कोई भी बदलाव अभी तक मान्य नहीं किया गया है। अंतिम निर्णय सीपीसीबी के उत्तर और न्यायालय के अगले आदेशों पर निर्भर करेगा। तब तक, राज्य में पीओपी मूर्तियों के निर्माण,बिक्री, उपयोग और विसर्जन पर प्रतिबंध बरकरार है और सभी संबंधित तंत्रों को कठोर अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि, आने वाले गणेशोत्सव में राज्य सरकार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मूर्ति विसर्जन नियमावली का पूरी तरह से पालन करेगी, सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों से पीओपी मूर्तियां न स्थापित करने के बारे में हलफनामा लेगी, साथ ही मूर्ति विसर्जन केवल और केवल कृत्रिम तालाब में ही होगा, इसकी खबरदारी राज्य सरकार लेगी। इस तरह के निर्देश प्रत्येक स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं को राज्य सरकार देगी ।ऐसा होते हुए भी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने केवल एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए प्रत्यक्ष कार्रवाई करने में कोताही बरती।

ठाणे, मुंबई, कल्याण, उल्हासनगर,अंबरनाथ, बदलापुर जैसे शहरों में तो स्थानीय प्रशासन ने प्राकृतिक स्त्रोतों में विसर्जन के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने का विदारक दृश्य देखने को मिला है ।इस विषय पर एडवोकेट रोनिता भट्टाचार्य, याचिकाकर्ता रोहित मनोहर जोशी (ठाणे), एडवोकेट सरिता खानचंदानी (उल्हासनगर), रवींद्र कुंभार, (अंबरनाथ) आदि अन्य अनेक याचिकाकताओं ने राज्य के विभिन्न जिलों में प्रत्यक्ष भेंट देकर सार्वजनिक मंडलों में स्थापित पीओपी गणेश मूर्तियों और प्राकृतिक स्त्रोतों में गणेश मूर्तियों के विसर्जन के सबूत जोड़ते हुए ईमेल द्वारा राज्य सरकार, पर्यावरण विभाग, पुलिस महानिदेशक, सभी जिलाधिकारी व महानगरपालिकाओं को प्रेषित किए थे और कहा था कि गणेश चतुर्थी और अन्य त्योहारों पर अगर इसी तरह से कानून का जानबूझकर उल्लंघन हुआ तो न्यायालय के आदेश की अवमानना के मामले में कार्यवाही के संकेत दिए थे।

# हवाई हमले से बचाव का अभ्यास

## पुलिस लाइन में एसडीआरएफ, एनसीसी समेत कई विभागों ने किया मॉक ड्रिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, पाकिस्तान द्वारा संभावित हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में एसडीआरएफ, एनसीसी, स्काउट, पुलिस, होमगार्ड, मेडिकल और फायर ब्रिगेड की टीमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही स्कूली छात्र बेंच के नीचे छिप गए। हमले का संकेत पटाखों की आवाज से दिया गया। चौराहे पर मौजूद लोगों ने कान बंद कर जमीन पर लेटकर सुरक्षा का प्रदर्शन किया। काल्पनिक हमले के बाद एसडीआरएफ और मेडिकल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सुरक्षा बलों ने बेंच के नीचे छिपे बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और एसपी सोमेन बर्मा ने अभ्यास का निरीक्षण किया। एसपी ने हवाई हमले के दौरान सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह, सीओ सदर समेत विभिन्न थानों की पुलिस मौजूद रही।



# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## छह दिन पहले सउदी अरब से लौटे पति से हुआ था विवाद, पिता बोले-जहरीला दवा पिलाकर हत्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक महिला की मौत ने पारिवारिक विवाद को सामने ला दिया है। मृतका राजिंदर कौर की शादी 12 साल पहले हरप्रीत कौर से हुई थी। हरप्रीत सऊदी अरब में मैकेनिकल टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत है। पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। इसके बाद राजिंदर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे तुरंत प्राइवेट अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता तरसेम सिंह ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। इस मामले में पहले भी मुकदमा चला था। समझौते के बाद बेटी को ससुराल भेज दिया गया। पिता के मुताबिक, हरप्रीत दहेज की मांग करता था और दूसरी शादी करने की जिद करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# नगर पालिका में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, नगर पालिका परिषद कार्यालय में नपा और रॉबिन हुड आर्मी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने रक्तदान किया। मंडलीय चिकित्सालय से आए डॉक्टरों ने कर्मचारियों के बीपी, शुगर सहित अन्य जांच की। नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। शरीर बहुत तेजी से नया खून बनाता है। नपा अध्यक्ष ने बताया कि पालिका आगे भी स्वास्थ्य शिविर लगाएगी।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# मसूद अजहर बोला- मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता

## ऑपरेशन सिंदूर में जैश चीफ के 10 रिश्तेदार मारे गए; हेडक्वार्टर भी तबाह



एजेंसी

इस्लामाबाद, कांधार विमान हाईजैक के मास्टरमाइंड और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए हैं। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद अजहर ने बयान जारी कर कहा कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मरने वालों में उसकी बड़ी बहन और उसका पति, मसूद अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि आतंकी मसूद के तीन करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। इनके अलावा एक सहयोगी की मां की मौत भी हुई है। संसद हमले के अलावा पठानकोट-पुलवामा हमले का भी मास्टरमाइंड है अजहर अजहर भारत में एक नहीं बल्कि कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। संसद हमले के अलावा मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला करवाया था। इसके अलावा मसूद 2016 में उरी हमले और अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में भारतीय कॉन्सुलेट पर अटैक का भी जिम्मेदार है। मसूद अजहर पहली बार 29 जनवरी, 1994 को बांग्लादेश से विमान में सवार होकर ढाका से दिल्ली पहुंचा था। 1994 में अजहर फर्जी पहचान बनाकर श्रीनगर में दाखिल हुआ था। उसका मकसद हरकत-उल-जिहाद अल-इस्लामी और हरकत-उल-मुजाहिदीन गुटों के बीच तनाव कम करना था। इस बीच भारत ने उसे आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए अनंतनाग से गिरफ्तार कर लिया था। तब अजहर ने कहा था- कश्मीर को आजाद कराने के लिए 12 देशों से इस्लाम के सैनिक आए हैं। हम आपकी कार्बाइन का जवाब रॉकेट लॉन्चर से देंगे। इसके 4 साल बाद जुलाई 1995 में जम्मू-कश्मीर में 6 विदेशी टूरिस्ट्स को अगवा कर लिया गया।

किडनैपर्स ने टूरिस्ट के बदले समूद अजहर को रिहा करने की मांग की। इस बीच अगस्त में दो टूरिस्ट किडनैपर्स की कैद से भागने में कामयाब हो गए। हालांकि, बाकियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। 24 दिसंबर 1999 को काठमांडू से दिल्ली आ रहे एक भारतीय विमान को अजहर के भाई सहित दूसरे आतंकियों ने हाईजैक कर लिया था। वो इसे अफगानिस्तान के कंधार ले गए, जहां उस वक्त तालिबान का शासन था। विमान में कैद लोगों के बदले मसूद अजहर सहित 3 आतंकियों को छोड़ने की मांग की गई। आतंकियों की मांग पूरी हुई और मसूद आजाद हो गया। इसके बाद वह पाकिस्तान भाग गया। चीनी सरकार यूएनएससी में मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित होने से कई बार बचा चुकी है। 2009 में अजहर को वैश्विक आतंकी की लिस्ट में शामिल करने के लिए पहली बार प्रस्ताव आया था।

# आपने हमला कर लिया, अब हमारी बारी...

## भारत ने पाकिस्तान में घुसकर मारा तो बिलबिला उठे बिलावल भुट्टो



> पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के जवाब में बुधवार तड़के भारतीय सशस्त्र बलों ने 25 मिनट तक किए गए नपे-तुले और गैर-बढ़ोतरी वाले मिसाइल और ड्रोन हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा सहित नौ आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दिया।

एजेंसी

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर (पीओके) के अंदर भारत के आतंकवाद विरोधी हमलों की निंदा की और आतंकवादियों के ठिकानों पर हमलों को कायरतापूर्ण कृत्य बताया। लगातार भड़काऊ बयान देने के लिए मशहूर बिलावल भुट्टो ने कहा कि भारत द्वारा किए गए हमले युद्ध की एक अकारण, जानबूझकर की गई कार्रवाई है। पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के जवाब में बुधवार तड़के भारतीय सशस्त्र बलों ने 25 मिनट तक किए गए नपे-तुले और गैर-बढ़ोतरी वाले मिसाइल और ड्रोन हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा सहित नौ आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दिया। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के मेहमूना जोया फैसिलिटी तथा बरनाला में मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शवाई नाला में उसके शिविर को निशाना बनाया। उनकी यह टिप्पणी भारत द्वारा 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के कुछ घंटों बाद आई है। पीपीपी नेता ने कहा कि पाकिस्तान को हमलों का जवाब देने का अधिकार है। बिलावल की मां और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो आतंकवादी हमले में मारी गई थीं। भुट्टो ने कहा कि पिछले दो हफ्तों से पाकिस्तान को भारत सरकार की ओर से आक्रामक धमकियां मिल रही हैं। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत जवाब देने का अधिकार है।

# पोप चुने जाने की प्रक्रिया शुरू

## वेटिकन पहुंचे कार्डिनल्स, सिग्नल जैमर लगाए गए; धुएं से पता चलेगा पोप चुने गए या नहीं

एजेंसी

वेटिकन, दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया आज वेटिकन सिटी के सिस्टीन चैपल में शुरू होगी। कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु को चुनने के लिए सीक्रेट वोटिंग होती है जिसे कॉन्क्लेव कहा जाता है। कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए दुनियाभर से 133 कार्डिनल पहुंचे हैं। इसमें 4 भारतीय भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज वोटिंग शुरू होने से लगभग 90 मिनट पहले सभी सिग्नल बंद कर दिए जाएंगे। कार्डिनल्स ने कल ही अपने फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान जमा कर दिए हैं, नए पोप के चुने जाने तक इन्हें वापस नहीं किया जाएगा।

# पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपना हवाई क्षेत्र किया बंद, डायवर्ट की उड़ानें



> लाहौर में हवाई क्षेत्र को थोड़े समय के लिए फिर से 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया। हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण, कराची के जिन्ना हवाई अड्डे पर भारी भीड़ देखी गई क्योंकि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें देरी से उड़ान भर रही थीं या उतर रही थीं।

एजेंसी

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद मौजूदा तनाव को देखते हुए पाकिस्तान ने बुधवार को अपने हवाई क्षेत्र को सभी हवाई यातायात के लिए 48 घंटे के लिए बंद करने की घोषणा की। भारत द्वारा सैन्य हमले के तुरंत बाद, पाकिस्तानी विमानन अधिकारियों ने इस्लामाबाद और लाहौर के ऊपर हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया और उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया। बाद में, एहतियात के तौर पर पूरे हवाई क्षेत्र को 48 घंटे के लिए बंद कर दिया गया। हालांकि, विमानन अधिकारियों ने आठ घंटे के बंद के बाद हवाई क्षेत्र को फिर से खोल दिया। आज सुबह अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें फिर से शुरू हुईं, जिनमें से अधिकांश कराची या लाहौर के जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुईं। हालांकि, लाहौर में हवाई क्षेत्र को थोड़े समय के लिए फिर से 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया। हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण, कराची के जिन्ना हवाई अड्डे पर भारी भीड़ देखी गई क्योंकि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें देरी से उड़ान भर रही थीं या उतर रही थीं। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशियाई देशों और अन्य गंतव्यों से उड़ानें अब तय समय के अनुसार पूरी तरह से चालू हैं। उन्होंने कहा कि अगली सूचना तक घरेलू उड़ानें भी चालू हो गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ताशकंद से उज्बेकिस्तान एयरलाइंस की एक फ्लाइट लाहौर होते हुए नई दिल्ली पहुंची। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए शुरू किया गया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद करतारपुर कॉरिडोर बंद, 150 सिख तीर्थयात्रियों को वापस भेजा गया

एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच करतारपुर कॉरिडोर ही एकमात्र खुला संपर्क मार्ग है। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने के कुछ ही घंटों के बाद इस रुट को भी बुधवार सात मई की सुबह बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान के नारोवाल जिले में ऐतिहासिक श्री दरबार साहिब गुरुद्वारा की तीर्थयात्रा के लिए करतारपुर कॉरिडोर से होकर आए लगभग 150 भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को बुधवार सुबह चेक पोस्ट पर डेढ़ घंटे इंतजार करने के बाद घर लौटने के निर्देश दिए गए है। गृह मंत्रालय के आव्रजन ब्यूरो ने करतारपुर कॉरिडोर को अगले आदेश तक बंद कर दिया है।

## पश्चिम मध्य रेल

सिविल इंजीनियरिंग – ई–निविदा सूचना

संख्या: डब्ल्यू/623/15 दिनांक– 05.05.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या–** 74/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 1 नागदा रहित से कुरलासी रहित एसएसई(डब्ल्यू) शामगढ़ का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 9100000.00, **बयाना राशि–** 182000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 75/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 2 कुरलासी सहित से कोटा (दक्षिण) केबिन तक एसएसई(डब्ल्यू) भवानीमण्डी का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 9500000.00, **बयाना राशि–** 190000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 76/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 3 एसएसई (डब्ल्यू) (प्रथम) कोटा का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 13000000.00, **बयाना राशि–** 215000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 77/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 4 एसएसई (डब्ल्यू) (द्वितीय) कोटा (वेगन रिपेयर शॉप को छोडकर) का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 13000000.00, **बयाना राशि–** 215000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 78/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 5 कोटा– चित्तौड सेक्शन (उपरमाल) रहित से तांबावती नगरी) एसएसई (डब्ल्यू) माण्डलगढ का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 9200000.00, **बयाना राशि–** 184000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 79/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 6 कोटा एण्ड गुडला लबान सेक्शन – एसएसई (डब्ल्यू) (उत्तर) कोटा का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 13000000.00, **बयाना राशि–** 215000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 80/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 7 – कोटा रहित से रूठियाई रहित। एसएसई (डब्ल्यू) वांरा का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 12300000.00, **बयाना राशि–** 211500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 81/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 8 – कोटा चित्तौड सेक्शन, (गुडला रहित से उपरमाल) एसएसई (डब्ल्यू) बून्दी का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 10200000.00, **बयाना राशि–** 201000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 82/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 9 – लाखेरी सहित से मलारना रहित एसएसई (डब्ल्यू) सवाईमाधोपुर का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 13500000.00, **बयाना राशि–** 217500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 83/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 10 – मलारना सहित से छोटी उदई सहित एसएसई (डब्ल्यू) गंगापुरसिटी का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 12000000.00, **बयाना राशि–** 210000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 84/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 11 – छोटी उदई रहित से बयाना का कार्यक्षेत्र।, **अनुमानित लागत–** 12000000.00, **बयाना राशि–** 210000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 85/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 12 – बयाना रहित से मथुरा रहित । एसएसई (डब्ल्यू) भरतपुर का कार्यक्षेत्र।, **अनुमानित लागत–** 11500000.00, **बयाना राशि–** 207500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 86/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 13 – तुगलकाबाद (प.म.रे.) कॉलोनी। एसएसई (डब्ल्यू) तुगलकाबाद का कार्यक्षेत्र।, **अनुमानित लागत–** 14000000.00, **बयाना राशि–** 220000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 87/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 14 – अनसाइड वेबन रिपेयर शॉप कोटा इनकलुडिंग कम्युनिटी हॉल ऑफ वर्क शॉप कॉलोनी कोटा। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 11000000.00, **बयाना राशि–** 205000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 88/2025, **कार्य का विवरण–** जोन नं. 15 – एसएसई (डब्लु.डी.) कोटा का कार्यक्षेत्र। 2025–2026, **अनुमानित लागत–** 11000000.00, **बयाना राशि–** 205000.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 23.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 89/2025, **कार्य का विवरण–** सवाईमाधोपुर स्टेशन – रिमोड़लिंग ऑफ गुडस यार्ड लाइन नं. 1, 2, 3, 4 एंड 5 टू इन क्रिज सीएसएल, **अनुमानित लागत–** 5065389.65, **बयाना राशि–** 101300.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 27.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 90/2025 आर, **कार्य का विवरण–** कोटा –सवाईमाधोपुर सेक्शन – टीआरएस (पी) – 8,400 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 6,400 कि.मी. एंउ मैन्युअल– 2.000 कि.मी. इनकुलिडिंग सबसाइडरी वर्क विद बीसीएम, **अनुमानित लागत–** 19854984.58, **बयाना राशि–** 249300.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 27.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 91/2025, **कार्य का विवरण–** एड़ीईएन बांरा सेक्शन – इम्प्रूवमेंट ऑफ यार्ड एट वेरियस स्टेशनस, **अनुमानित लागत–** 90210384.28, **बयाना राशि–** 601100.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 02.06.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 92/2025, **कार्य का विवरण–** नागदा – कोटा – वेलिंग आउट ऑफ वाटर/मड़ फ्राम एलएचएस इन लियू ऑफ एल सी. नं. 61, 62, 63, 66, 70, 76, 77, 80, 81, 82, 84, 85, 86, 87, 88, 93, 94, 95, 97, 100, 101, 102, 200A (कि.मी. 911/3–5) एंड 04 (जुल्मी – झाालावाड़ सिटी) अण्डर द जुरिस्डक्शन ऑफ एडीईएन – रामगंजमडी (एट 24 एलएचएस फॉर टू ईयरस), **अनुमानित लागत–** 7178767.45, **बयाना राशि–** 143600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 27.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 93/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा – मखोली सेक्शन – सबसाइडरी वर्क विद डीप स्क्रीनिंग वाय बीसीएम – 11.230 कि.मी. (अप/डाउन) (बैंलेस वर्क), **अनुमानित लागत–** 1223620.92, **बयाना राशि–** 24500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 27.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 94/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा डिविजन– प्रोविजन ऑफ ब्लास्ट लेंस ट्रेक (बीएलटी) एट सवाईमाधोपुर स्टेशन लाइन नं. 3 अप लाइन (पीएफ–2), **अनुमानित लागत–** 52050216.90, **बयाना राशि–** 410300.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 30.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 95/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा डिविजन– प्रोविजन ऑफ ब्लास्ट लेंस ट्रेक (बीएलटी) एट भरतपुर स्टेशन लाइन नं. 5 सी/एल (पीएफ–3) एंड गंगापुर सिटी लाइन नं. 4 सी/एल (पीएफ–3) प्री बिड कान्फ्रेस 3 मई 2024 को 11:30 बजे निर्धारित की गई है।, **अनुमानित लागत–** 104100433.79, **बयाना राशि–** 670500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 30.05.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेण्डर संख्या–** 96/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा – रूठियाई सेक्शनः इम्प्रूवमेंट टू ड्रेनेज अरेंजमेंट ऑफ एलएचएस इन लियू ऑफ एलसी नं. 09, 10, 12, 54 ईटीसी वाय प्रावाइड़िग न्यू कवर शेड ओर एक्सटेंशन पेंटिंग, पम्प, पम्प हाउस एंड साइड ड्रेन ईटीसी, अण्डर दि जूरिस्डिक्शन ऑफ एसएसई/वर्क/बांरा, **अनुमानित लागत–** 22534991.50, **बयाना राशि–** 262700.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 27.05.2025 को 15:30 घंटे पर, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई–निविदा में तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। (हस्ता.)

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# ये काफी पहले ही होना चाहिए था, ऑपरेशन सिंदूर पर बोले प्रशांत किशोर, पूरा देश केंद्र सरकार के साथ




> प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि कार्रवाई बलपूर्वक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सुराज का मानना है कि अब जब आखिरकार कार्रवाई हो रही है, तो यह इतनी ताकत से होनी चाहिए कि ये शक्तियां फिर से न उठ सकें।

एजेंसी

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि भारत पर पाकिस्तान के लगातार हमलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई बहुत पहले ही हो जानी चाहिए थी। प्रेस वार्ता के दौरान किशोर ने कहा कि यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। आज प्रेस वार्ता में पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से भारत पर हमले कर रहा है। अगर आपका पड़ोसी आपके घर में पत्थर, गोला-बारूद और बम फेंकता रहे, तो आप इसे कब तक बर्दाश्त करेंगे? उप्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि कार्रवाई बलपूर्वक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सुराज का मानना है कि अब जब आखिरकार कार्रवाई हो रही है, तो यह इतनी ताकत से होनी चाहिए कि ये शक्तियां फिर से न उठ सकें। किशोर ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मीडिया का तमाशा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹इस मामले को मीडिया ट्रायल या पंचलाइन में नहीं बदला जाना चाहिए। यह लोगों की जिंदगी और राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मैंने सुबह से कुछ भी नहीं कहा है, क्योंकि सेना के बयान देने के बाद ही बयान देना उचित है। न ही मैं सेना को यह बताने की स्थिति में हूं कि उसे क्या करना चाहिए। हम पूरी तरह से भारतीय सरकार और सेना के साथ खड़े हैं।₹ यह प्रतिक्रिया भारतीय सेना द्वारा कई पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर किए गए सटीक हमलों के बाद आई है। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमला किया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि कुल नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और उन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर : सेना की बहादुरी को सलाम, हम सरकार के साथ...

## सीडब्लूसी की बैठक के बाद बोले राहुल-खड़गे

> कांग्रेस बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों के खिलाफ साहसी और निर्णायक कार्रवाई के लिए हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है।



एजेंसी

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद गुरुवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा करने के लिए बुधवार दोपहर अपने वरिष्ठ नेतृत्व की एक तत्काल बैठक बुलाई। इस बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। खड़गे ने कहा कि सेना की बहादुरी को सलाम है। हम सरकार के हर कदम के साथ है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, ₹हमने कार्यसमिति में चर्चा की। हमारी सेनाओं को पूरा समर्थन। उन्हें शुभकामनाएं। उन्हें ढेर सारा प्यार। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पूरा समर्थन। कांग्रेस बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों के खिलाफ साहसी और निर्णायक कार्रवाई के लिए हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। कांग्रेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद बुधवार को कहा कि उसे भारत के सशस्त्र बलों पर गर्व है और उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश- ए- मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक अडिग राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। हम उनके दृढ़ संकल्प और साहस की सराहना करते हैं।

# पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरूआत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामने आया आरएसएस का रिएक्शन



एजेंसी

भारतीय सेना ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पहलगाम हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने इसे पीड़ितों के लिए न्याय की दिशा में एक कदम बताया। इस ऑपरेशन में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले शामिल थे, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा शामिल था। ट्विटर हैंडल पर, जिसे पहले एक्स के नाम से जाना जाता था, आरएसएस के राष्ट्रीय मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक पोस्ट में कहा, पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरूआत- ऑपरेशन सिंदूर, न्याय हुआ। उन्होंने आगे कहा, जय हिंद। भारत माता की जय हो। पहलगाम हमले के दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ ठिकानों पर हमला किया गया

## संक्षेप

### आतंकी हमले से बचने की तैयारी

**पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस रही मौजूद, एयर स्ट्रिप का भी होगा इस्तेमाल**

सुलतानपुर, जीआईसी स्कूल परिसर में आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवा की टीमें मौजूद रहीं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि यह ड्रिल पाकिस्तान से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर कराई गई। इसका मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। शासन के निर्देश पर जिलों में यह ड्रिल कराई जा रही है, ताकि लोगों में विश्वास बढ़े और भय का माहौल न रहे। सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम प्रशासन ने कई सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जरूरत पड़ने पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बनी एयर स्ट्रिप का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की है। डॉक्टरों की टीम, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग अलर्ट मोड पर हैं। लोगों से संयम बनाए रखने की अपील मॉक ड्रिल में स्कूली छात्रों को आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए गए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें और धैर्य बनाए रखें।

### जमीनी विवाद में महिला का अंगूठा काटा

**पड़ोसी ने किया हमला, सास को भी पीटा; गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी से शिकायत**

सुलतानपुर, एक पीड़िता न्याय मांगने एसपी ऑफिस पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। प्रकरण कादीपुर के सरायरानी गांव से जुड़ा है। जहां पूर्व निर्मला देवी और उनके बेटे सूजल निषाद ने विमला देवी के घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि निर्मला देवी ने विमला के बाएं हाथ का अंगूठा दांत से काट लिया। बीच-बचाव करने आई विमला की सास आनारा देवी को भी नहीं बख्शा गया। उन्हें मारा-पीटा और उनका चश्मा तोड़ दिया गया। विमला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग आ गए, जिससे उनकी जान बची।

### सब्जी-फल मंडी में व्यापारियों की बैठक

**एक सप्ताह में जिला स्तरीय कमेटी का गठन होगा, व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान**

सुलतानपुर, अमहट मंडी में अध्यक्ष मोहम्मद शमीम लइया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में पहलगाम में हुई हिंसा के जवाब में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के लिए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया गया।

प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने सब्जी व फल मंडी के व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रयागराज में मना जश्न

**साधु-संतों ने हाथों में तिरंगा लेकर की आतिशबाजी, सरकार और भारतीय सेना के जवानों के प्रति आभार जताया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया तो पूरा देश इसका स्वागत कर रहा है। प्रयागराज में भी इसका जश्न मनाया जा रहा है। श्रृंगवेरपुर धाम पीठाधीश्वर जगतगुरु शांडिल्य जी महाराज ने पाकिस्तान पर हुए हमले का स्वागत करते हुए दीप जलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया है। साधु संतों व बाल बटुकों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जन भावनाओं के अनुरूप आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाया है। जगतगुरु शांडिल्य महाराज ने कहा कि साधु संत भी पीएम मोदी के इस कड़े फैसले के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा है कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हमें अपनी सरकार पर गर्व है कि उसने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्ट्राइक शुरू कर दी है। बता दें कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला कर कई आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। भारत ने यह कार्रवाई शुरू कर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक जंग की शुरूआत कर दी है।

पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद पूरा देश पाकिस्तान से बदला लेने की मांग कर रहा था। पाकिस्तान पर आतंकी हमले के बाद देश में जश्न का माहौल है।

# बस स्टैंड पर कार पार्किंग को लेकर मारपीट

**7 नामजद समेत 9 लोगों पर केस, आरोपी खुद को माफिया अशरफ के करीबी बता रहे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टैंड पर कार पार्किंग को लेकर एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 7 नामजद समेत डेढ़ दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विकास पांडेय अपने परिवार को बस स्टैंड पर छोड़ने गए थे। कार पार्क करने को लेकर कुछ युवकों ने उनसे विवाद किया। कार हटाने में देर होने पर आरोपियों ने गालियां देनी शुरू कर दी। आरोपियों में मो साहबान, मो मियां, फकरे आलम, मो मियां का दूसरा भाई, मो मियां का लड़का, मो मियां का भांजा और मो सूफी शामिल हैं। इन लोगों ने 10-12 अन्य लोगों के साथ विकास को घेर लिया। आरोपियों ने विकास के साथ मारपीट की और गला दबाने का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि बदमाशों ने खुद को माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ का करीबी बताया। उन्होंने कार पार्क करने के लिए 5 हजार रुपए की रंगदारी मांगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सिविल लाइंस थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस वायरल वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

# 4 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई

**एडीएम ने 6 महीने के लिए किया निष्कासित, पुलिस रखेगी नजर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। उन्होंने 4 अभियुक्तों को 6 महीने के लिए जनपद की सीमा से बाहर कर दिया है। जिला बदर किए गए अभियुक्तों में मशरूर अहमद उर्फ बब्बू, सत्यम सिंह, सुमित सिंह और देवेन्द्र कौशल उर्फ राजन शामिल हैं। मशरूर अहमद को 21 अप्रैल 2025 से, जबकि अन्य तीनों को 29 अप्रैल 2025 से जिला बदर किया गया है। एडीएम ने यह कार्रवाई उन व्यक्तियों के खिलाफ की है, जिनका क्षेत्र में आतंक है। इनके खिलाफ लोग साक्ष्य देने से डरते हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि जनपद में सक्रिय गुंडा तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी असामाजिक तत्व लोक शांति भंग करने का प्रयास करता है, तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

# नागरिक सुरक्षा को लेकर बैठक

**डीएम बोले- सभी विभाग आपात स्थिति के लिए रहें तैयार, इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे अलर्ट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में नागरिक सुरक्षा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। डीएम कुमार हर्ष ने बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक और प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद भी मौजूद रहे। बैठक में आपदा राहत, स्वास्थ्य, पुलिस, होमगार्ड समेत कई विभागों के अधिकारी शामिल हुए। युवा कल्याण, राजस्व, शिक्षा, अग्निशमन, परिवहन, पंचायती राज, नगर पालिका और विद्युत विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

कार्य योजना बनाने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस बल अलर्ट मोड में है। सभी प्रमुख संस्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों की जानकारी दी। जिला चिकित्सालय, ट्रामा सेंटर और सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी हैं। 102 और 108 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे सक्रिय है। प्रशासन को सहयोग का आश्वासन शिक्षा विभाग ने सभी संस्थानों में मॉक ड्रिल शुरू कर दी है। पंचायतीराज विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में और नगर पालिका शहरी क्षेत्रों में जागरूकता फैला रहे हैं। जिला सुरक्षा संगठन और व्यापारिक संगठनों के वालंटियर्स ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी ने सड़क, पुल, रेलवे, बस स्टेशन और प्रमुख प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शासन की कोई एडवाइजरी मिलते ही उसे तुरंत लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

# सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर देशभर में जश्न

**सुल्तानपुर में गौरक्षा वाहिनी ने बांटी मिठाइयां, पाकिस्तान का झंडा जलाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सुल्तानपुर में राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने जश्न मनाया। संगठन के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट गेट पर एकत्रित होकर तिरंगा फहराया और सेना के समर्थन में नारेबाजी की। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 51 किलो मिठाइयां बांटीं। सर्वेश सिंह ने कहा कि सेना ने आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से देशवासियों का मनोबल बढ़ा है। साथ ही दुश्मन को स्पष्ट संकेत मिला है कि भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन कर जवानों को सम्मानित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने सीमापार आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। इस ऑपरेशन को देशभर में समर्थन मिल रहा है। लोग सोशल मीडिया और सड़कों पर सेना के साहस की सराहना कर रहे हैं। कार्यक्रम में संरक्षक अंकुश श्रीवास्तव, जिला संयोजक राकेश सिंह दद्दू, जिला अध्यक्ष विनय सिंह बिन्नू समेत संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय सहित अन्य कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# आतंकी हमले से बचने की तैयारी

**रेलवे स्टेशन पर मॉकड्रिल, घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से अस्पताल पहुंचाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के मद्देनजर अमेठी में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया गया।

अमेठी और गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले की स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कल्पित आतंकी हमले में घायल हुए चार यात्रियों को ग्रीन कॉरिडोर के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम मौके पर तैनात रही। पुलिस एस्कॉर्ट के साथ घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका आवश्यक इलाज किया गया। सभी अस्पतालों को तैयार किया मॉकड्रिल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया। सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एलर्ट मोड में है। जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों को तैयार रखा गया है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बद्री प्रसाद अग्रवाल ने पुष्टि की कि मॉकड्रिल के दौरान दोनों रेलवे स्टेशनों से लाए गए चारों घायलों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

# रिटायर्ड कर्मचारी से जबरन वसूली मामले में कार्रवाई

**बाराबंकी के 5 आरोपी गिरफ्तार, 96 हजार रुपए, तमंचा और 2 बाइक बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, कमरौली पुलिस ने बुधवार सुबह ट्री स्टार ढाबा के पास से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने रिटायर्ड व्यापार कर विभाग के कर्मचारी से धमकाकर छह लाख रुपए की वसूली की थी। गिरफ्तार आरोपियों में बाराबंकी के हरख थाना जैदपुर के टेरा टंडन का पुरवा निवासी रईस अहमद, नसीर अहमद और अब्बास शामिल हैं। इसके अलावा फतेहपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बिलौली निवासी सलमान और वारिस नगर निवासी शमशाद अहमद को भी गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित के पुत्र ने बताया कि हमारे पिता 18 मार्च 2025 को अपने पैतृक आवास गये थे। दो व्यक्ति घर आए। उन्होंने अपना नाम नसीर अहमद पुत्र एहसान अली नि० टेरा टण्डन का पुरवा हरख, थाना जैतपुर जनपद बाराबंकी बताया। उन्होंने हमारे पिता से कहा कि तुम्हारे खेत और जमीन की वैरीकेटिंग किये जाने हेतु सरकार द्वारा चिन्हित किया गया। पीड़ित के पिता ने कहा कि अभी मुझे वैरीकेटिंग नहीं करानी है क्योकि मेरे पास पैसे नहीं है। लेकिन इसके बाद दोनों लोगों ने कहा कि इस कार्य में आपका ही लाभ है। पीड़ित ने बताया कि अगले दिन दोनों फिर कुछ लेबर के साथ आए और घर के सामने स्थित खाली प्लाट में पिलर गाड़ने के गढ्डे खुदवाने लगे। इस पर जब पिता ने उन लोगों से कहा कि अभी हम वैरीकेटिंग नहीं करायेगें। तब दोनों लोगों ने कहा कि अभी थोड़ी देर में हमारे विभाग के मुख्य व्यक्ति आ रहे है, वह लोग आपसे बात करेगें।

लगभग 15 मिनट के बाद अन्य लोग मोटर साईकिल से आये और पिता से बात करने के बहाने घर के अन्दर घुस गये, पीड़ित ने बताया कि घर में घुसने के बाद पिता का मुहँ दबाकर कुहनी और हाथ से मारे पीटे, धमकाते हुए कहा कि अगर तुमने थोड़ी सी भी होशियारी की या शोर मचाया तो तुम्हें जान से मार देगें कोई जान भी नहीं पायेगा । तुम्हारी लाश रास्ते में फेक देगें, उसके बाद उन्होंने पिता को मोटर साईकिल पर पीछे बैठाया कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने मोटर साईकिल के बीच में बैठा लिया और रास्ते में मेरे पिता से कहा कि 6 लाख रुपए तुम्हे हमे घर से या बैंक से कहीं से भी निकाल कर देना है।

# मथुरा में स्कूल में मिली लापरवाही

**12 स्कूलों में 10 शिक्षक और 2 शिक्षा मित्र गैरहाजिर, एक प्रधानाध्यापक निलंबित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने दो दिन में 12 से अधिक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 10 शिक्षक-शिक्षिकाएं और दो शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाए गए। एक विद्यालय में सात डीएलएड प्रशिक्षणार्थी भी नदारद थे। बीएसए ने धीमरी छाता के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। अन्य नौ प्रधानाध्यापक और शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय धीमरी छाता में सहायक अध्यापक राकेश बैनीवाल अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरिपाल सिंह और सहायक अध्यापक पहली मई से गैरहाजिर चल रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अक्सर देर से आते हैं और कई दिनों तक अनुपस्थित रहते हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय खुशी में छात्र उपस्थिति कम थी और केवल चार नए नामांकन हुए हैं। प्राथमिक विद्यालय रान्हेरा में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शीला भारती और शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले।

# इंडोरामा फैक्ट्री में मॉक ड्रिल

**फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग, घायलों को अस्पताल पहुंचाया; डीएम-एसपी रहे मौजूद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जगदीशपुर स्थित इंडोरामा फैक्ट्री में आज आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का अभ्यास किया। साथ ही फैक्ट्री के कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल में घायल कर्मचारियों को तुरंत अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। इस पूरी कवायद के दौरान अमेठी के एसपी अपर्णा रजत कौशिक और डीएम संजय चौहान मौके पर उपस्थित रहे। पाकिस्तानी तनाव को लेकर मॉक ड्रिल यह मॉक ड्रिल पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के मद्देनजर की गई। सरकार की ओर से सभी निजी और सरकारी संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसी ड्रिल कराई जा रही है। इंडोरामा फैक्ट्री में की गई इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

# ट्रक ने साइकिल को मारी टक्कर

**44 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत, चालक ट्रक छोड़कर फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, एक साइकिल सवार की ट्रक से टक्कर में मौत हो गई। मृतक की पहचान क्यामपुर गांव निवासी भूपाल सिंह (44) के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री थे। घटना सुबह पीएसी के पास हुई। भूपाल सिंह रोजाना की तरह साइकिल से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भूपाल सिंह ट्रक के टायर के नीचे आ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के ठेकेदार सीताराम ने बताया कि भूपाल सिंह पिछले 6 वर्षों से उनके साथ काम कर रहे थे। घटना की सुबह उनकी भूपाल सिंह से फोन पर बात हुई थी। शव करीब आधे घंटे तक ट्रक के टायर के नीचे पड़ा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को हटवाया और शव को बाहर निकाला। थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक- जगन्नाथ तिवारी